प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 10.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी से 19 मार्च तक होगा आहूत, राज्य मंत्रिपरिषद ने प्रस्ताव को दी मंजूरी।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समावेशी बजट के लिए आम लोगों से मांगे सुझाव, बजट पोर्टल और मोबाइल एप किया लांच।
3. कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की खूंटी में आयोजित उलगुलान शहीद मेला में हुईं शामिल, जल, जंगल और जमीन की रक्षा का लिया संकल्प, शिक्षा और एकजुटता पर दिया जोर।
4. रांची समेत राज्यभर में न्यूनतम पारा में गिरावट का सिलसिला जारी, पांच जिलों में तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे, मैक्लुस्कीगंज में पारा माइनस दो डिग्री पर पहुंचा।
5. रांची में आज महिला हॉकी इंडिया लीग का होगा फाइनल मुकाबला, एसजी पाइपर्स और श्राची बंगाल टाइगर्स के बीच होगी खिताबी भिड़ंत।

****

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी से शुरू होकर 19 मार्च तक चलेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कल हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने इसकी जानकारी दी।

मंत्रिपरिषद ने राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना में संशोधन किया है। संशोधन के अनुसार अब राज्यकर्मियों को इलाज के लिए पांच लाख रुपए तक एडवांस की राशि मिल सकेगी। साथ ही वे देश के बड़े अस्पतालों में भी इलाज करा सकेंगे। मंत्रिपरिषद ने ग्राम स्तर पर नारी अदालत योजना के कार्यान्वयन को भी मंजूरी दी है।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए अबुआ दिशोम बजट पोर्टल एवं मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। इसके जरिये जनता 17 जनवरी तक बजट सुझाव दे सकती है। सर्वश्रेष्ठ तीन सुझावों को सम्मानित किया जाएगा।

****

भारत–अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने पूर्वी सिंहभूम के डुमरिया और मुसाबनी का दौरा किया। उन्होंने जेएसएलपीएस और द नज इंस्टीट्यूट द्वारा संचालित उपज एवं फूलो–झानो आशीर्वाद अभियान के तहत अति–गरीब परिवारों के जीवन में आए सुधारों की सराहना की और भविष्य में इन सफल मॉडलों के वैश्विक विस्तार पर चर्चा की।

****

खूंटी के डोम्बारी बुरू में आयोजित उलगुलान शहीद मेला 2026 में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुईं। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा को सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित कई विधायक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंत्री ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संकल्प लेते हुए समाज से शिक्षा और एकजुटता पर जोर देने की अपील की।

****

बोकारो जिले में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस रिफिलिंग में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जहां अब प्रति उपभोक्ता सालाना औसतन 5 सिलेंडर का उपयोग कर रहा है। बोकारो में मीडिया से बातचीत करने हुए इंडियन ऑयल के सीजीएम सौरभ चंद्रा ने यह जानकारी दी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि जिले के 1 लाख 47 हजार घरों में अब भी लकड़ी और कोयले का उपयोग हो रहा है।

****

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने चंदनकियारी के पूर्व विधायक गौर हरिजन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं। श्री गौर हरिजन 1990 और 1995 में दो बार विधायक रहे थे।

****

साहिबगंज में अवैध खनन मामले की सीबीआई जांच का आज पांचवां दिन है। पिछले चार दिनों में टीम ने जिला खनन कार्यालय के दस्तावेजों, ईडी द्वारा जब्त जहाज और नींबू व गदवा पहाड़ की खदानों की जांच की है। फरार आरोपी दाहू यादव के ठिकानों पर छापेमारी भी की गई, लेकिन वह नहीं मिला। अब सीबीआई संबंधित लोगों को नोटिस जारी करने की तैयारी में है।

****

राज्य में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत किशोरियों को शिक्षा और सशक्तीकरण के लिए प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। अब तक 2 लाख 78 हजार 463 बालिकाओं को 104 करोड़ 65 लाख रुपये से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। 6 लाख 7 हजार 467 आवेदन प्राप्त हुए हैं और भुगतान प्रक्रिया जारी है।

****

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलबधि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इसका शुभारंभ किया था। विशेष श्रृंखला में आज महिला और बाल विकास मंत्रालय की मातृत्व लाभ योजना–प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर एक रिपोर्ट–

****

पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य में ठंड का प्रकोप जारी है। न्यूनतम तामपमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। पांच जिलों में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है जबकि मैकलुस्कीगंज का पारा माइनस दो डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने आज शीतलहर का येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बाकी सालों की तुलना में इस बार ठंड ज्यादा देखने को मिल रही है।

****

रांची के मरांग गोमके स्टेडियम में कल महिला हॉकी इंडिया लीग का फाइनल मुकाबला एसजी पाइपर्स और श्राची बंगाल टाइगर्स के बीच खेला जाएगा। शाम 7 बजे शुरू होने वाले इस मैच की विजेता टीम को डेढ़ करोड़ और उपविजेता को 1 करोड़ रुपये की इनामी राशि मिलेगी। तीसरे स्थान पर रही रांची रॉयल्स को 50 लाख रुपये मिलेंगे।

****